// राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 932 / 2022 दिनांकः– 03 अगस्त, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः परीक्षा शुल्क दिनांकः 10 अगस्त, 2022 तक जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के संगठन द्वारा दिनांकः 21 जुलाई, 2022, 27 जुलाई, 2022 एवं 02 अगस्त, 2022 को एक प्रत्यावेदन मा0 कुलपति जी को दिया गया जिसमें मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन वाद के चलते बिना परीक्षा शुल्क जमा किये दिनांकः 06 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ होने वाली परीक्षा के प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

संदर्भित प्रत्यावेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मा0 कुलपति जी द्वारा संगठन के पदाधिकारियों के समक्ष ही दिनांकः 10 अगस्त, 2022 तक शुल्क जमा करने की घोषणा की गयी थी। तद्नुसार जिन महाविद्यालयों द्वारा शुल्क जमा नहीं किया गया है उनके भी प्रवेश पत्र निर्गत कर दिये गये हैं। सभी से अपेक्षा की जाती है कि दिनांकः 05 अगस्त, 2022 तक समस्त परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा परीक्षा शुल्क दिनांकः 10 अगस्त, 2022 तक प्रत्येक दशा में जमा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी,राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आगरा / अलीगढ़।
4. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र, अलीगढ़।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों को कालेज लॉगिन पर प्रेषित किये जाने हेतु।
6. गार्ड फाइल।

सहा0कुलसचिव